**129. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) मीतभाषी (b) मीतभाशी
(c) मितभाषी (d) मिभाशी

**SSC GD 15/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c)** 'मितभाषी' शब्द शुद्ध वर्तनी का शब्द है। शेष सभी विकल्प की वर्तनी अशुद्ध है।

**130. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) ज्येश्ठ (b) ज्येष्ट (c) ज्येष्ठ (d) जयेष्ठ

**SSC GD 15/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'ज्येष्ठ' है।

**131. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) दुरभल (b) दुर्लभ (c) दूर्लभ (d) दुरलभ

**SSC GD 15/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'दुर्लभ' है।

**132. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) घुड़दौड़ (b) धूड़दौड़
(c) घुडदौड़ (d) घोड़दौड़

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** 'घुड़दौड़' शब्द शुद्ध वर्तनी का शब्द है। शेष सभी विकल्प की वर्तनी अशुद्ध है।

**133. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) ऊर्पयुक्त (b) उपरीयुक्त
(c) उपरियुत (d) उपर्युक्त

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** दिये गये विकल्पों में 'उपर्युक्त' शब्द शुद्ध वर्तनी है।

**134. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) रसौइघर (b) रसोइघर
(c) रसोईघर (d) रसौईघर

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'रसोईघर' है।

**135. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) प्रेमातुर (b) परेमातुर
(c) प्रेमातूर (d) प्रेमतुर

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a)** दिये गये वाक्य में सही वर्तनी वाला शब्द 'प्रेमातुर' है। जबकि दिए गए अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**136. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) बाढ़पीडित (b) बाढ़पीडित
(c) बाढ़पीड़ित (d) बाढ़पीढित

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c)** दिये गये विकल्पों में सही वर्तनी वाला शब्द 'बाढ़ पीड़ित' है। जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध वर्तनी वाले हैं।

**137. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) आयुष्मान (b) आयुषमान
(c) आयुशमान (d) आयुश्मान

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** 'आयुष्मान' शब्द शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। जबकि अन्य सभी विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध हैं।

**138. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) राष्ट्रीयता (b) राश्ट्रीयता
(c) रष्ट्रीयता (d) राष्ट्रियता

**SSC GD 22/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a)** 'राष्ट्रीयता' सही वर्तनी वाला शब्द है, जबकि दिए गए अन्य सभी विकल्प अशुद्ध की वर्तनी हैं।

**139. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) वीध्वांस (b) विधवंस
(c) विध्वांस (d) विध्वंस

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d)** 'विध्वंस' शब्द वर्तनीगत दृष्टि से शुद्ध है।

**140. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) अतिथीगृह (b) अतिथिगृह
(c) अतिथिग्रह (d) अतीथिगृह

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b)** उपरोक्त विकल्प में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द–'अतिथिगृह' है शेष विकल्प की वर्तनी अशुद्ध है।

**141. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) दीर्घसवास (b) दीरगश्वास
(c) दीर्घश्वास (d) दिर्घश्वास

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c)** 'दीर्घश्वास' शब्द शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध वर्तनी वाले हैं।

**142. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) दूःस्वप्न (b) दुःस्वप्न (c) दूसवप्न (d) दुसवप्न

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b)** 'दुःस्वप्न' शब्द शुद्ध वर्तनी का शब्द है। शेष अन्य सभी शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

**143. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) स्वद्धिस्ट (b) स्वादिश्ट

(c) स्वदिस्ट (d) स्वादिष्ट

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** 'स्वादिष्ट' शब्द वर्तनीगत दृष्टि से शुद्ध है।

कुछ अन्य महत्वपूर्ण शब्द-

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| गुणीगण | – | गुणिगण |
| चातुर्यता | – | चातुर्य या चतुरता |
| गोप्यनीय | – | गोपनीय |

**144. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) भुलककड़ (b) भुल्ककड़

(c) भूलक्कड़ (d) भुलक्कड़

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d)** ''भुलक्कड़'' शब्द वर्तनीगत दृष्टि से शुद्ध शब्द है शेष विकल्प अशुद्ध है।

**145. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) अधय्यन (b) अध्य्यन

(c) आध्ययन (d) अध्ययन

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'अध्ययन' है।

**146. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) तोपचि (b) तौपचि (c) तोपची (d) तौपची

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** 'तोपची' शब्द शुद्ध वर्तनी शब्द है। शेष विकल्प की वर्तनी अशुद्ध है।

**147. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) नाशमझी (b) नासमझी

(c) नसमझी (d) नासमजी

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b)** 'नासमझी' शब्द शुद्ध वर्तनी का शब्द है। शेष विकल्प शब्द वर्तनी की दृष्टि से असंगत है।

**148. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) अभियस्थ (b) अभयस्थ

(c) अभ्यस्त (d) अभयस्थ

**SSC GD 06/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** उपरोक्त विकल्प में 'अभ्यस्त' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष सभी विकल्प की वर्तनी अशुद्ध हैं।

**149. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) ऋतु (b) रीतू (c) ऋतू (d) रीतु

**SSC GD 08/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a)** 'ऋतु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य विकल्प की वर्तनी अशुद्ध हैं।

**150. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) पूज्यनीय (b) पुज्यनीय

(c) पुज्य (d) पूज्य

**SSC GD 08/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d)** 'पूज्य' शुद्ध वर्तनी का शब्द हैं। जबकि पूज्यनीय/पुज्यनीय का शुद्ध वर्तनी 'पूजनीय' होगा।

**151. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) आशीर्वाद (b) अशिवार्द

(c) अर्शिवाद (d) आर्शिवाद

**SSC GD 08/03/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 25/11/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a)** सही वर्तनी वाला शब्द 'आशीर्वाद 'है। अन्य सभी विकल्प की वर्तनी अशुद्ध है।

**152. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) सदुपदेश (b) सदेपदेश (c) सदोपदेश (d) सदुपेदश

**SSC GD 08/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'सदुपदेश' है। शेष विकल्प में वर्तनी अशुद्ध हैं।

**153. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) औदार (b) औदारिता

(c) ओदार्य (d) औदार्य

**SSC GD 09/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** 'औदार्य' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष सभी शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

**154. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) सम्मुख (b) सन्मुख

(c) सनमुख (d) संमूख

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a)** उपर्युक्त विकल्पों में 'सम्मुख' शब्द वर्तनी दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**155. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) नक्षत्र (b) नच्छत्र

(c) नक्षित्र (d) नछत्र

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a)** दिये गये विकल्पों में 'नक्षत्र' शब्द शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष सभी विकल्प की वर्तनी त्रुटिपूर्ण है।

**156. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) शताब्दी (b) शताब्दि

(c) शैताब्दी (d) शिताब्दि

**SSC GD 07/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में 'शताब्दी' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**157. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) आर्शिर्वाद (b) पारलौकिक

(c) परिक्षा (d) बिमारी

**SSC GD 07/03/2019 (Shift-III)**
**SSC GD 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :**

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| परलौकिक | पारलौकिक |
| आशिर्वाद | आशीर्वाद |
| परिक्षा | परीक्षा |
| बिमारी | बीमारी |

# 2. वाक्य शुद्धि

1. **निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं या व्याकरण से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं' का चुनाव कीजिए।**
**लोगों को गंदगी के गंभीर परिणामों के बारे में/ बताना होगा, जिसमें कि उनको पता चले कि उनके गंदगी फैलाने से/उनके साथ-साथ पूरे वातावरण ही पर कितना नुकसान होता है।**
(a) लोगों को गंदगी के गंभीर परिणामों के बारे में
(b) बताना होगा, जिससे की उनको पता चले कि उनके गंदगी फैलाने से
(c) कोई त्रुटि नहीं है।
(d) उनके साथ-साथ पूरे वातावरण ही पर कितना नुकसान होता है।
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के वाक्यांश उनके साथ-साथ पूरे वातावरण ही पर कितना नुकसान होता है' में शब्द चयन संबंधी अशुद्धि है, यहाँ 'वातावरण' के स्थान पर पर्यावरण' शब्द उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा**-लोगों को गंदगी के गंभीर परिणामों के बारे में बताना होगा, जिससे कि उनको पता चले कि उनके गंदगी फैलाने से उनके साथ-साथ पूरे 'पर्यावरण' को कितना नुकसान होता है।

2. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।**
**हमें किसी भी अधिकारी को _______ नहीं देनी चाहिए।**
(a) तीर (b) क्रोध
(c) आईना (d) घूस
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर स्त्रीलिंग शब्द 'घूस' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा**– हमें किसी भी अधिकारी को घूस नहीं देनी चाहिए।

3. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिमें कोई त्रुटि है। शोक है कि आपने मेरे पत्र का उत्तर नहीं दिया।**
(a) आपने मेरे (b) शोक है कि
(c) उत्तर नहीं दिया (d) पत्र का
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b):** दिये गये वाक्य के 'शोक है कि' वाले भाग में शब्द चयन संबंधी त्रुटि है, यहाँ 'शोक है कि' के स्थान पर 'खेद है कि का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः वाक्य होगा**- खेद है कि आपने मेरे पत्र का उत्तर नहीं दिया।

4. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**देवता को एक फूलों की माला अर्पित कर वहां से चला गया।**
(a) अर्पित कर वह वहां (b) से चला गया।
(c) देवता को (d) एक फूलों की माला
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के 'एक फूलों की माला' वाले भाग में शब्द क्रम संबंधी त्रुटि है। यहाँ 'एक फूलों की माला' के स्थान पर 'फूलों की एक माला' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** देवताओं को फूलों की एक माला अर्पित कर वहाँ से चला गया।

5. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**समाचार पत्र विभिन्न प्रकरणों पर जनमत तैयार करने के लिए एक शक्ति यंत्र है।**
(a) समाचार पत्र विभिन्न
(b) करने के लिए एक
(c) शक्ति यंत्र है।
(d) प्रकरणों पर जनमत तैयार
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'शक्ति यंत्र' वाले भाग में शब्द चयन संबंधी त्रुटि है। यहाँ 'शक्ति यंत्र' के स्थान पर 'सशक्त माध्यम' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** समाचार पत्र विभिन्न प्रकरणों पर जनमत तैयार करने के लिए एक सशक्त माध्यम है।

6. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**दोनों चोटियों में से जो चोटी उच्चतम होगी मैं उसी की चढ़ाई करूँगा**
(a) जो चोटी उच्चतम (b) की चढ़ाई करूँगा
(c) होगी मैं उसी (d) दोनों चोटियों में से
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'जो चोटी उच्चतम' वाले भाग में तुलनात्मक विशेषण संबंधी त्रुटि है।
**इसका शुद्ध रूप होगा**- दोनों चोटियों में से जो चोटी उच्चतर होगी मैं उसी की चढ़ाई करूँगा।

7. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) इस गाँव से घर-घर यही दशा है।

(b) इस गाँव को घर-घर यही दशा है।

(c) इस गाँव के घर-घर में यही दशा है।

(d) इस गाँव के घर-घर यही दशा है।

**SSC GD 24/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में 'इस गाँव के घर-घर में यही दशा है' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

8. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमं कोई त्रुटि है।**

**ईश्वर के अनेकों रूप है जिसे मानव नहीं जानता।**

(a) ईश्वर के अनेकों (b) नहीं जानता।

(c) रूप है (d) जिसे मानव

**SSC GD 24/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'ईश्वर के अनेकों' भाग में वचन संबंधी त्रुटि है। यहाँ बहुवचन 'अनेकों' के स्थान पर एकवचन' अनेक' का प्रयोग उपयुक्त होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा- ईश्वर के अनेक रूप है जिसे मानव नहीं जानता।

9. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) तेरे को क्या चाहिए? (b) तेरे को कौन चाहिए?

(c) तुम्हें क्या चाहिए? (d) तेरे को कौन चाही?

**SSC GD 24/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में 'तुम्हें क्या चाहिए? वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

10. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**

**स्वामी दयानंद का देश आभारी रहेगा क्योंकि उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है।**

(a) स्वामी दयानंद का देश

(b) उन्होंने देश के लिए

(c) आभारी रहेगा क्योंकि

(d) बहुत कुछ किया है।

**SSC GD 24/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'स्वामी दयानंद का देश' वाले भाग में शब्द-क्रम संबंधी त्रुटि है। यहाँ स्वामी दयानंद का देश' के स्थान पर 'देश स्वामी दयानंद का' प्रयोग उपयुक्त होगा।

**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** देश स्वामी दयानंद का आभारी रहेगा क्योंकि उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ दिया है।

11. **निम्नलिखित वाक्य में उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**जो आदमी दूसरों के भावों का आदर/करना नहीं जानता उससे दूसरे में भी सद्धावना/ की आशा नहीं करनी चाहिए।**

(a) करना नहीं जानता उससे दुसरे में भी सद्धावना

(b) की आशा नहीं करनी चाहिए

(c) जो आदमी दूसरों के भावों का आदर

(d) कोई त्रुटि नहीं है

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के वाक्यांश' करना नहीं जानता उससे दूसरे में भी सद्धावना' में मात्रा से संबंधित त्रुटि है। यहाँ 'दूसरे' के स्थान पर 'दूसरे' का प्रयोग उपयुक्त होगा।

**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** जो आदमी दूसरों के भावों का आदर करना नहीं जानता, उससे दूसरे में भी सद्धावना की आशा नहीं करनी चाहिए।

12. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो कोई त्रुटि नहीं है चुनें।**

**बाघ और बकरी एक ही घाट से पानी पीती हैं।**

(a) से पानी पीती हैं (b) एक ही घाट

(c) बाघ और बकरी (d) कोई त्रुटि नहीं है

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'से पानी पीती है' वाले भाग में वचन संबंधी त्रुटि है। यहाँ -से पानी पीती है' के स्थान पर 'से पानी पीते हैं' का प्रयोग उपयुक्त होगा।

**अतः पूर्ण वाक्य होगा**- बाघ और बकरी एक ही घाट से पानी पीते हैं।

13. **निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो कोई त्रुटि नहीं है का चुनाव कीजिए।**

**शिक्षित व्यक्ति सही और गलत में फर्क/ को पहचान कर समाज की बेहतरी/ को लिया भी कार्य कर सकता है।**

(a) कोई त्रुटि नहीं

(b) को लिया भी कार्य कर सकता है

(c) शिक्षित व्यक्ति सही और गलत में फर्क

(d) को पहचान कर समाज की बेहतरी

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के 'को लिया भी कार्य कर सकता है' वाले भाग में त्रुटि है।

**अतः शुद्ध वाक्य होगा**- शिक्षित व्यक्ति सही और गलत में फर्क को पहचान कर समाज की बेहतरी के लिये भी कार्य कर सकता है।

14. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**

**आज इंटरनेट घर-घर से जरूरत बन गया है।**

(a) घर-घर (b) गया है।

(c) आज इंटरनेट (d) से जरूरत बन

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d):** दिये गये वाक्य के 'से जरूरत बन' वाले भाग में कर्ता संबंधी त्रुटि है। यहाँ 'से जरूरत का' के स्थान पर 'में जरूरत बन' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा**- आज इंटरनेट घर-घर में जरूरत बन गया है।

**15. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**

(a) वर्तमान युग सूचना क्रांति का है।
(b) यहां का माहोल अच्छा नहीं है।
(c) उस सम्य की स्थिति ठीक नहीं थी।
(d) उस पर जाने कौन सी धून सवार है।

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला वाक्य 'वर्तमान युग सूचना क्रान्ति का है' है। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप निम्न प्रकार होंगे-
→ यहाँ का माहौल अच्छा नहीं है।
→ उस समय की स्थिति ठीक नहीं थी।
→ उस पर न जाने कौन-सी धुन सवार है।

**16. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**उसके पास पचास ग्राम सोने है जिसका हार बनवाना है।**

(a) है जिसका हार (b) पचास ग्राम सोने
(c) बनवाना है। (d) उसके पास

**SSC GD 26/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के 'पचास ग्राम सोने' वाले भाग में वचन सबंधी त्रुटि है। यहाँ 'सोने' का प्रयोग एकवचन में होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा**- उसके पास पचास ग्राम सोना है जिसका हार बनवाना है।

**17. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें। 'विद्यार्थी' शब्द दो शब्द के योग से बना है– विद्या + अर्थी।**

(a) कोई त्रुटि नहीं है (b) शब्द के योग से
(c) बना है– विद्या + अर्थी (d) 'विद्यार्थी' शब्द दो

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के 'शब्द के योग से 'वाले भाग में त्रुटि है। यहाँ 'शब्द के योग से' के स्थान पर 'शब्दों के योग से' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** 'विद्यार्थी शब्द दो शब्दों के योग से बना है- विद्या + अर्थी।

**18. दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) मैं तुमसे रविवार को मिलूँगा।
(b) मैं तुमसे रविवार में मिलूँगा।
(c) मैं तुमसे रविवार के दिन को मिलूँगा।
(d) मैं तुमसे रविवार के दिन मिलूँगा।

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में 'मैं तुमसे रविवार को मिलूँगा' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**19. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**
**प्रत्येक कार्य को रोमांच निहित होते है/हालांकि, यह लोगों की सोच के/अनुसार थोड़ा अलग होता है।**

(a) कोई त्रुटि नहीं है
(b) अनुसार थोड़ा अलग होता है
(c) प्रत्येक कार्य को रोमांच निहित होते है
(d) हालांकि, यह लोगों की सोच के

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'प्रत्येक कार्य को रोमांच निहित होते हैं' वाक्यांश में त्रुटि है।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** प्रत्येक कार्य रोमांचित होते हैं, हालाँकि यह लोगों की सोच के अनुसार थोड़ा अलग होता है।

**20. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**कुमारी विजयलक्ष्मी कल अपने पति के साथ नैनीताल जाएगी।**

(a) कुमारी विजयलक्ष्मी (b) के साथ नैनीताल जाएगी
(c) कल अपने पति (d) कोई त्रुटि नहीं है

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'कुमारी विजयलक्ष्मी' वाले क्षण में त्रुटि है; क्योंकि विवाह के बाद स्त्रियाँ कुमारी नहीं होती हैं। अतः **शुद्ध वाक्य होगा**- विजयलक्ष्मी कल अपने पति के साथ नैनीताल जाएगी।

**21. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' क चुनाव कीजिए।**
**प्राचीनकाल से ही नारियाँ हमारे देश में पुरुषों के / बराबर बैठती रहा हैं और समाज से निर्माण कार्यों को /अपना योगदान देती रही हैं।**

(a) अपना योगदान देती रही हैं
(b) बराबर बैठती रहा हैं और समाज से निर्माण कार्यों को
(c) प्राचीनकाल से ही नारियाँ हमारे देश में पुरुषों के
(d) कोई त्रुटि नहीं है

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b):** दिये गये वाक्य के 'बराबर बैठती रहा है और समाज से निर्माण कार्यों को' वाले भाग में त्रुटि है। अतः शुद्ध वाक्य होगा- प्राचीन काल से ही नारियाँ हमारे देश में पुरूषों के बराबर बैठती रही है और समाज के निर्माण कार्यों में अपना योगदान देती रही है।

**22. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**बोलने वाले के हावभाव और उसका सलीका/उसकी प्रकृति और सांस्कृतिक-सामाजिक पृष्ठभूमि/को पल भर में बता देते हैं।**

(a) को पल भर में बता देते हैं।
(b) कोई त्रुटि नहीं है।
(c) उसकी प्रकृति और सांस्कृतीक-सामाजिक पृष्ठभूमि।
(d) बोलने वाले के हावभाव और उसका सलीका।

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'उसकी प्रकृति और सांस्कृतिक-सामाजिक पृष्ठभूमि' वाक्यांश में मात्रा संबंधी त्रुटियाँ हैं।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** बोलने वाले के हावभाव और उसका सलीका उसकी प्रकृति और सांस्कृतिक-सामाजिक पृष्ठभूमि को पल भर में बता देते हैं।

**23. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**

**मैंने एक लोहे की एक बाल्टी खरीदी और उसे पानी से भर दिया।**

(a) की एक बाल्टी खरीदी (b) और उसे पानी
(c) से भर दिया। (d) मैंने एक लोहे

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के ' की एक बाल्टी खरीदी' वाले भाग में त्रुटि है।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** मैंने एक लोहे की बाल्टी खरीदी और उसे पानी से भर दिया।

**24. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं या व्याकरण से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**भारत दुनिया के सबसे तेजी में बढ़ते/देशों में से एक है और यह सब 1991 में/ किए गए सुधारों के कारण है।**

(a) किए गए सुधारों के कारण है
(b) देशों में ऐ है और यह सब 1991 में
(c) कोई त्रुटि नहीं है
(d) भारत दुनिया के सबसे तेजी में बढ़ते

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के 'भारत दुनिया के सबसे तेजी में बढ़ते' वाक्यांश में त्रुटि है। अतः शुद्ध वाक्य होगा- भारत दुनिया के सबसे तेज बढ़ते देशों में से एक है और यह सब 1991 में किए गए सुधारों के कारण है।

**25. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुने।**

**साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।**

(a) कोई त्रुटि नहीं है (b) साहित्य और जीवन
(c) का घोर (d) संबंध है।

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'का घोर' वाले भाग में शब्द-चयन संबंधी त्रुटि है।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है।

**26. दिए गए विकल्पों मे से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) कमल कोमल होता है।
(b) कमल नम्रता होता है।
(c) कमल सुकोमल होता है।
(d) कमल कठोरता होता है।

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के 'कमल कोमल होता है' वाक्य शुद्ध है। जबकि अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**27. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमे कोई त्रुटि है।**

**जहाँ तुम्हारी बिस्तर लगा है, अपना सामान भी उधर ही रखो।**

(a) बिस्तर लगा है, (b) अपना सामान भी
(c) उधर ही रखो। (d) जहाँ तुम्हारी

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के 'जहाँ तुम्हारी' वाले भाग में सर्वनाम संबंधी त्रुटि है। यहाँ 'तुम्हारी' के जगह पर 'तुम्हारा' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा**- जहाँ तुम्हारा बिस्तर लगा है, अपना सामान भी उधर ही रखो।

**28. दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त है, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) सबसे नमस्ते!
(b) सब ने नमस्ते!
(c) सबमें नमस्ते!
(d) सबको नमस्ते!

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्यों में 'सबको नमस्ते!' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**29. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

(a) हमें यह विचार छोड़ने चाहिए।
(b) हमसे को यह विचार छोड़ने चाहिए।
(c) हमने को यह विचार छोड़ने चाहिए।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्यों में 'हमें यह विचार छोड़ने चाहिए' वाक्य शुद्ध है। जबकि अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**30. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**पुलिस ने चोरी के भ्रम में आशीश को पकड़ लिया।**

(a) पकड़ लिया (b) के भ्रम में
(c) आशीश को (d) पुलिस ने चोरी

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के 'के भ्रम में' वाले भाग में त्रुटि है, यहाँ 'भ्रम' के स्थान पर 'आरोप' का प्रयोग उपयुक्त होगा। अतः **शुद्ध वाक्य होगा-** पुलिस ने चोरी के आरोप में आशीष को पकड़ लिया।

**31. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें अशुद्धियाँ है। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**
**मनुष्य जीवन ही ऐसा है कि वह किसी भी अवस्था में/यह अनुभव नहीं कर सकता कि अब उसके/लिए किसी आवश्यकता नहीं ही गई है।**

(a) यह अनुभव नहीं कर सकता कि अब उसके
(b) कोई त्रुटि नहीं है
(c) मनुष्य जीवन ही ऐसा है कि वह किसी भी अवस्था में
(d) लिए किसी आवश्यकता नहीं ही गई है

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गए वाक्य के 'लिए किसी आवश्यकता नहीं ही गई है' वाक्य में त्रुटि है। इसके स्थान पर 'लिए किसी की आवश्यकता नहीं रह गई है' उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा** - मनुष्य जीवन ही ऐसा है कि वह किसी भी अवस्था में यह अनुभव नहीं कर सकता कि अब उसके लिए किसी की आवश्यकता नहीं रह गई है।

**32. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**जिसकी लाठी उसके भैंस वाली कहावत चरितार्थ होती है।**

(a) जिसकी लाठी (b) होती है।
(c) कहावत चरितार्थ (d) उसके भैंस वाली

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिए गए वाक्य के 'उसके भैंस वाली' भाग में त्रुटि है। यहाँ इसके स्थान पर 'उसकी भैंस वाली' का प्रयोग उपयुक्त होगा। **अतः शुद्ध वाक्य होगा** - जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ होती है।

**33. दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

(a) अधिकाँश लोगा अवकाश पर हैं।
(b) अधिकतर लोग अवकाश पर हैं।
(c) कोई लोगा अवकाश पर हैं।
(d) एक लोग अवकाश पर हैं।

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में 'अधिकतर लोग अवकाश पर हैं' शुद्ध वाक्य है। जबकि अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**34. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है**
**शेर को देखकर उसका प्राण सूख गए और वह बेहोश हो गया।**

(a) शेर को देखकर (b) गए और वह
(c) उसका प्राण सूख (d) बेहोश हो गया

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'उसका प्राण सूख' वाले भाग में वचन संबंधी त्रुटि है। यहाँ 'प्राण' बहुवचन में प्रयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** शेर को देखकर उसके प्राण सूख गए और वह बेहोश हो गया।

**35. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**व्यक्ति को अपने समय का <u>अच्छा</u> सदुपयोग करना चाहिए।**

(a) करना चाहिए। (b) व्यक्ति को
(c) अच्छा सदुपयोग (d) अपने समय का

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के 'अच्छा सदुपयोग' वाले भाग में त्रुटि है क्योंकि यहाँ 'अच्छा' का प्रयोग अनुपयुक्त है। अतः शुद्ध वाक्य होगा- व्यक्ति को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए।

**36. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**जो भी इससे भिड़ेगा जो ही इसे हरा देगा।**

(a) इसे हरा देगा। (b) कोई त्रुटि नहीं है
(c) जो भी इससे (d) भिड़ेगा जो ही

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के 'भिड़ेगा जो ही' वाले भाग में त्रुटि है। यहाँ 'भिड़ेगा जो ही' के स्थान पर 'भिड़ेगा वह ही' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा-** जो भी इससे भिड़ेगा वह ही इसे हरा देगा।

# 12. तत्सम/तद्भव/देशज/विदेशज

1. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**भगवान को फ़ूल अर्पित करों।**
(a) प्रिय (b) पक्ष
(c) पुष्प (d) पक्षु
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य के रेखांकित शब्द 'फूल' का तत्सम शब्द 'पुष्प' होगा, जबकि 'प्रिय' का तद्भव 'पिया' तथा 'पक्ष' का तद्भव 'पंख' है।

2. **दिए गए वाक्य में उचित विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**राजू की नौकरी ______पर लगी है।**
(a) हाल (b) सिफारिश
(c) अदालत (d) एतराज
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर उचित विदेशज शब्द 'सिफारिश' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - राजू की नौकरी सिफारिश पर लगी है। इस वाक्य में 'सिफारिश' फारसी शब्द है।
विदेशी शब्द- विदेशी भाषाओं से हिन्दी भाषा में आये शब्दों को विदेशी शब्द कहते हैं। इनमें अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी, पुर्तगाली और फ्रांसीसी भाषाएँ मुख्य है।

3. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**
**पता नहीं कहाँ से एक (तिनका) ______ आकर आँख में चला गया जो अब दर्द दे रहा है।**
(a) त्वरित (b) तरवारि
(c) तृण (d) तैल
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए तद्भव शब्द 'तिनका' का तत्सम रूप 'तृण' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - पता नहीं कहाँ से एक तृण आकर आँख में चला गया जो अब दर्द दे रहा है।

4. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**रमेश घर जा रहा है।**
(a) घटिका (b) गहन
(c) घट (d) गृह
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'घर' का तत्सम शब्द 'गृह' है। जबकि 'घटिका' का तद्भव 'घड़ी', 'गहन' का तद्भव 'घना' तथा 'घट' का तद्भव 'घड़ा' है।

5. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**
**रोटी का अर्ध हिस्सा दिजिए।**
(a) आज (b) आधा
(c) अधिकार (d) आता
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'अर्ध' का तद्भव शब्द 'आधा' है। जबकि 'आज' का तत्सम 'अद्य' है।

6. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**जल्दी चलो! अंधेरा छाने लगा है।**
(a) रोशनी (b) प्रकाश
(c) रात (d) अंधकार
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'अंधेरा' का तत्सम 'अंधकार' है। जबकि 'रात' का तत्सम 'रात्रि' है।

7. **दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेश शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**कल उमा की ......... में पेशी है।**
(a) हाल (b) तारीख
(c) इम्तिहान (d) अदालत
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर उचित देशज-विदेशज शब्द 'अदालत' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- कल उमा की अदालत में पेशी है।

8. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**
**मेरे मामा के घर में एक बहुत ही सुंदर (घड़ी) ......... टंगी हुई है।**
(a) घोटक (b) घटिका
(c) घट (d) घृत
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'घड़ी' का तत्सम रूप 'घटिका' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- मेरे मामा के घर में एक बहुत ही सुन्दर (घड़ी) घटिका टंगी हुई है।

9. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**आज भी गाँवों में (गोमय) ............ का उपयोग घरों का साफ और स्वच्छ रखने के लिए किया जाता है।**

(a) गोबर (b) घरनी
(c) गीध (d) गोसाई

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'गोमय' का तद्भव रूप 'गोबर' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- आज भी गाँवों में गोबर का उपयोग घरों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए किया जाता है।

**10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही अर्थ है।**
**जब हम कठिन कार्यो को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हैं और उन्हें खुशी और (उछाह) .......... से निष्पादित करते हैं, तो चमत्कार हो सकते हैं।**
(a) उत्साह (b) उपवास
(c) उच्च (d) उत्थान

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'उछाह' का तत्सम रूप 'उत्साह' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - जब हम कठिन कार्यो को चुनौती के रूप में स्वीकार करते है और उन्हें खुशी और <u>उत्साह</u> से निष्पादित करते हैं, तो चमत्कार हो सकते हैं।

**11. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**
**यह <u>उच्च</u> कोटि के लेखक हैं।**
(a) उधर (b) नीचा
(c) ऊपर (d) ऊँचा

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'उच्च' का तद्भव रूप 'ऊँचा' है। जबकि 'नीचा' का तत्सम 'नीच्य' तथा 'ऊपर' का तत्सम 'उपरि' है।

**12. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**पेड़ों पर <u>बंदर</u> बैठे हैं।**
(a) वानर (b) बांदर
(c) वन (d) बंदरी

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'बंदर' का तत्सम शब्द 'वानर' है तथा 'वन' का तत्सम 'वन' होता है।

**13. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेश शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**क्या ........... इतनी दौलत का जब वह अपने माता-पिता को ही नहीं पूछता?**
(a) जनाब (b) दावत
(c) फायदा (d) जवाब

**SSC GD 21/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c):** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर उचित देशज शब्द 'फायदा' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- क्या **<u>फायदा</u>** इतनी दौलत का जब वह अपने माता-पिता को ही नहीं पूछता।

**14. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**मेरी माताजी एक (गृहिणी)__________ हैं वह पूरे घर का बहुत अच्छे से ख्याल रखती हैं।**
(a) ज्येष्ट (b) घरनी
(c) मेहनती (d) सुंदर महिला

**SSC GD 26/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'गृहिणी' का तद्भव रूप 'घरनी' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- मेरी माताजी एक **<u>घरनी</u>** है, वह पूरे घर का बहुत अच्छे से ख्याल रखती हैं।

**15. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**
**मेरे पड़ोसी का घर बन रहा है इसलिए बहुत सी (ईंट) ________ मँगवाई गई है।**
(a) रेट (b) इष्टिका
(c) गंडक (d) अक्ष

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'ईंट' का तत्सम रूप 'इष्टिका' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - मेरे पड़ोसी का घर बन रहा है, इसलिए बहुत सी (ईंट) **<u>इष्टिका</u>** मँगवाई गई है।

**16. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**किले की सुरक्षा के लिए (परिकूट)_______ होना चाहिए, हथियारबन्द चौकीदार होने चाहिए।**
(a) सैनिक (b) परकोटा
(c) पर्याप्त (d) पंद्रह

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'परिकूट' का तद्भव रूप 'परिकोटा' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- किले की सुरक्षा के लिए **<u>परिकोटा</u>** होना चाहिए, हथियारबन्द चौकीदार होने चाहिए।

**17. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है। आप सभी को (यहाँ)_______से जाने के लिए कहा गया है।**

(a) अत्र (b) अन्न
(c) अग्र (d) अर्क

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'यहाँ' का तत्सम रूप 'अत्र' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- आप सभी को (यहाँ) **अत्र** से जाने के लिए कहा गया है।

**18. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**नहीं! मुझे तुमसे कोई _______नहीं चाहिए।**

(a) उम्र (b) ईमारत
(c) कुर्सी (d) एहसान

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर उचित देशज-विदेशज शब्द 'एहसान' प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - नहीं! मुझे तुमसे कोई **एहसान** नहीं चाहिए।

**19. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**
**उसके मन में न जाने कितनी वेदना थी कि वह ज़ोर-ज़ोर से ( उदास ) ________ ले रहा था।**

(a) उतिष्ठ (b) उच्छवास
(c) उपरि (d) इयत

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'उदास' का तत्सम रूप 'उच्छवास' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- उसके मन में न जाने कितनी वेदना थी कि वह जोर-जोर से उच्छवास ले रहा था।

**20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**हमारे बाग में माली ने फूलों की बहुत ही सुंदर ( केदारिका ) _________ बना रखी है।**

(a) कलम (b) प्रकार
(c) क्यारी (d) खेती

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'केदारिका' का तद्भव रूप 'क्यारी' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - हमारे बाग में माली ने फूलों की बहुत ही सुन्दर क्यारी बना रखी है।

**21. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**आपसे यही ________ है कि आप हमारी बात सुनें।**

(a) फंड (b) मील
(c) डिगरी (d) अपील

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर देशज-विदेशज शब्द 'अपील' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - आपसे यही **अपील** है कि आप हमारी बात सुनें।

**22. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**बाहर कब से कुत्ता भौंक रहा है।**

(a) काक (b) कायर
(c) कुक्कुर (d) कोकिल

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'कुत्ता' का तत्सम शब्द 'कुक्कुर' है। जबकि 'काक' का तद्भव 'कौआ', 'कातर' का तद्भव 'कायर' तथा 'कोकिल' का तद्भव 'कोयल' है।

**23. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**मेरी दादी जी हम सभी बच्चों को हर रात एक नई ( कथाकिा )_______सुनाती है।**

(a) घटना (b) पाठ
(c) करतब (d) कहानी

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'कथानिका' का तद्भव रूप 'कहानी' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा** - मेरी दादी जी हम सभी बच्चों को हर रात एक नई **कहानी** सुनाती है।

**24. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**मेरे लिए पानी का एक_____ले आओ।**

(a) कमेटी (b) कोट
(c) गिलास (d) टिकट

**SSC GD 06/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिये गए वाक्य में रिक्त स्थान पर देशज-विदेशज शब्द 'गिलास' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** मेरे लिए पानी का एक **गिलास** ले आओ।

**25. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**हमें हमेशा सबकी अच्छाई देखनी चाहिए उनके ( औगुन ) ________ नहीं।**

(a) शब्द (b) आचरण
(c) बात (d) अवगुण

**SSC GD 20/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d):** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'औगुन' का तत्सम रूप 'अवगुण' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा**- हमें हमेशा सबकी अच्छाई देखनी चाहिए, उनके अवगुण नहीं।

**26. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**तुम चिंता न करो। तुम्हारी ______ माफ हो गई है।**
(a) मील
(b) समन
(c) फीस
(d) लालटेन

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिये गए वाक्य 'तुम चिंता न करो। तुम्हारी ..... माफ हो गई है' में रेखांकित स्थान पर अंग्रेजी शब्द 'फीस' उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा** - तुम चिंता न करों। तुम्हारी फीस माफ हो गई है।

**27. दिए गए वाक्य में उचित विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**_________हमारे देश का राष्ट्रीय फूल है।**
(a) गुलाभ (b) बाग
(c) गुलाब (d) गुलाम

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य '....... हमारे देश का राष्ट्रीय फूल है' में रेखांकित स्थान पर फारसी शब्द 'गुलाब' उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा**- गुलाब हमारे देश का राष्ट्रीय फूल है।

**28. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**ठंड से उसके होठ कँपकपा रहे हैं।**
(a) ओष्ठ (b) हस्त
(c) हस्ति (d) पादु

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'होठ' का तत्सम शब्द 'ओष्ठ' है। जबकि 'हाथ' का तत्सम 'हस्त', 'हाथी' का तत्सम 'हस्ती' तथा 'पाँव' का तत्सम 'पाद' है।

**29. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**( क्षत्रिय ) _______हिंदु समाज के चार वर्णों में से एक वर्ण है।**
(a) त्रिणी (b) खत्री
(c) खार (d) सिपाही

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'क्षत्रिय' का तद्भव रूप 'खत्री' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा**- खत्री हिन्दु समाज के चार वर्णों में से एक वर्ण है।

**30. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।**
**हम खाने में हमेशा ( अम्लिका ) _______ का उपयोग करते हैं।**
(a) ऑवले (b) हल्दी
(c) इमली (d) अचार

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'अम्लिका' का तद्भव रूप 'इमली' का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा**- हम खाने में हमेशा **इमली** का उपयोग करते है।

**31. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**
**वर-वधू मंडप में बैठ गए हैं।**
(a) लोग (b) दुल्हन
(c) बेटी (d) दुल्हा

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'वधू' का तत्सम शब्द 'दुल्हन/बहू' है। जबकि 'लोग' का तत्सम 'लोक', 'बेटी' का 'आत्मजा' तथा 'दुल्हा' का 'दुर्लभ' होता है।

**32. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**
**त्वम् मेरे भाई हो।**
(a) तुझसे (b) मैं
(c) तुम (d) तुझे

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'त्वम्' का तद्भव रूप 'तुम' है। जबकि 'मैं' का तत्सम 'मया' तथा 'तुझसे' का तत्सम 'तुषमे' है।

**33. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**
**उसकी ग्रीवा में काफी दर्द है।**
(a) पैर (b) गर्दन
(c) मुँह (d) गला

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'ग्रीवा' का तद्भव रूप 'गर्दन' है। जबकि 'पैर' का तत्सम 'पद' तथा 'मुँह' का तत्सम 'मुख' है।

# 3. विलोम शब्द

1. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**भारी वस्तु पानी में तैरती है।**
(a) चलना (b) दौड़ना
(c) डूबती (d) ऊपरी
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गए वाक्य के रेखांकित शब्द 'तैरती' का विलोम शब्द 'डुबती' है।
**अतः शुद्ध वाक्य होगा**– भारी वस्तु पानी में डूबती है।

2. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**मैंने कल ही एक ( उपन्यास )______पढ़ी।**
(a) रचना (b) काव्य
(c) जानकारी (d) एकांकी
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'उपन्यास' का विलोम शब्द 'एकांकी' उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा – मैंने कल ही एक एकांकी पढ़ी।

3. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**18 से कम उम्र का व्यक्ति बालिग कहलाता है।**
(a) बच्चा (b) नाबालिग
(c) पुत्री (d) जवान
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'बालिग' का विलोम शब्द 'नाबालिक' है।
अतः शुद्ध वाक्य होगा- 18 से कम उम्र का व्यक्ति **नाबालिग** कहलाता है।

4. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**वह देश में है।**
(a) ग्रामीण (b) स्वदेश
(c) विदेश (d) शहर
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'देश' का विलोम शब्द 'विदेश' है।
शेष विकल्पों के विलोम निम्न है -

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| ग्रामीण | - | शहरी |
| स्वदेश | - | विदेश |
| शहर | - | गांव |

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में सेख उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**किसी भी कार्य को (निश्छल) ______ होकर पूर्ण करना चाहिए तभी वह होता है।**
(a) कृष (b) धीर
(c) छली (d) अधीर
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य में कोष्ठक में दिए गए शब्द 'निश्छल' का विलोम 'छली' होगा।

6. **निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**सभी को (ईश्वर) ......... पर भरोसा होना चाहिए।**
(a) देव (b) देवता
(c) अनीश्वर (d) इष्ट
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य में कोष्ठक में दिए गए शब्द 'ईश्वर' का विलोम 'अनीश्वर' होगा। शेष विकल्पों का विलोम इस प्रकार है-

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| देव/देवता | - | राक्षस |
| इष्ट | - | अनिष्ट |

7. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**बाहर शीत हवा बह रही है।**
(a) उष्ण (b) ठंड
(c) मोटी (d) ठंडापन
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द 'शीत' का विलोम 'उष्ण' होगा।
शेष विकल्पों का विलोम निम्न है -

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| मोटी | - | पतली |
| ठंडा | - | गरम |

8. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**यह समूह अलगाव की राह पर है।**
(a) अपूर्ण (b) निडर
(c) एकीकरण (d) समाज
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द 'अलगाव' का विलोम 'एकीकरण' है। शेष विकल्पों के विलोम इस प्रकार है -

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अपूर्ण | - | पूर्ण |
| निडर | - | भयभीत |
| समाज | - | व्यक्ति |

**9. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**मुजरिम को <u>जीवनदान</u> दिया गया।**
(a) कटुकरण (b) जीवात्मा
(c) जीवन (d) मृत्युदंड
**SSC GD 21/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द जीवनदान का विलोम शब्द मृत्युदण्ड है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- मुजरिम को **मृत्युदंड** दिया गया।

**10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**क्या वह दूसरों से जुड़ी ऐसी ( जटिल ) ________बात को समझने के काबिल है।**
(a) कठिन (b) मुश्किल
(c) सरल (d) कुटिल
**SSC GD 26/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु शब्द 'जटिल' का विलोम 'सरल' है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - क्या वह दूसरों से जुड़ी ऐसी (जटिल) **सरल** बात को समझने के काबिल है।

**11. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए। सामान का <u>दुरुपयोग</u> न करे।**
(a) सदुपयोग (b) कठोर
(c) निरूपयोग (d) कुरूपयोग
**SSC GD 20/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द दुरुपयोग का विलोम शब्द सदुपयोग है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- सामान का सदुपयोग न करे।

**12. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**सुरेश <u>बेरहमी</u> से सबसे पेश आता है।**
(a) रहमदिली (b) बुराई
(c) सब्र (d) कठोर
**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द बेरहमी का विलोम शब्द 'रहमदिली' है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- सुरेश रहमदिली से सबसे पेश आता है।

**13. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**पश्चिम भारत <u>आधुनिक</u> मंदिरों से भरा हुआ है।**
(a) नवीन (b) पौराणिक
(c) नए (d) अनुद्यमी
**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द आधुनिक का विलोम शब्द पौराणिक है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- पश्चिम भारत पौराणिक मंदिरों से भरा हुआ है।

**14. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**आजकल हर कोई <u>अमृत</u> पीकर अमर होना चाहता है।**
(a) पानी (b) विष
(c) आय (d) भोजन
**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द अमृत का विलोम शब्द 'विष' है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- आजकल हर कोई विष पीकर अमर होना चाहता है।

**15. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प हो।**
**प्रकृति ( चेतन ) है, _______ नहीं।**
(a) जड़ (b) सावधान
(c) होशियार (d) सचेत
**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द चेतन का विलोम शब्द जड़ है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- प्रकृति (चेतन) है, **जड़** नहीं ।

**16. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**यदि आप ( सकारात्मक ) _________ सोच रखते हैं, तो यह आपके जीवन में काफी बुरा प्रभाव डालता है।**
(a) नकारात्मक (b) वर्तमान
(c) सही (d) खुश
**SSC GD 01/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'सकारात्मक' का विलोम शब्द 'नकारात्मक' उपयुक्त होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा – यदि आप (सकारात्मक) नकारात्मक सोच रखते हैं, तो यह आपके जीवन में काफी बुरा प्रभाव डालता है।

**17. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**उन्हें <u>आध्यात्मिक</u> ज्ञान है।**
(a) सौम्य (b) गमन
(c) अपकार (d) भौतिक
**SSC GD 01/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d):** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द आध्यात्मिक का विलोम शब्द भौतिक है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- उन्हें भौतिक ज्ञान है।

**18. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**उसने बड़े ही (आग्रह) ________ से मेरे साथ आतचीत की।**

(a) अवरोहण (b) अनादृत
(c) दुराग्रह (d) विकीर्ण

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर कोष्ठक में दिए गए शब्द 'आग्रह' का विलोम शब्द 'दुराग्रह' उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा – उसने बड़े ही (आग्रह) **दुराग्रह** से मेरे साथ बातचीत की।

**19. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**हिमालय <u>बर्फ</u> से ढका हुआ है।**

(a) पानी (b) नेपी
(c) पत्थर (d) भाप

**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द बर्फ का विलोम शब्द पानी है।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- हिमालय पानी से ढका हुआ है।

**20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।**
**मैं अपने मित्र की बातों से ज़रा भी (अनाहत)_______ नहीं हूँ।**

(a) आतुर (b) आहत
(c) आश्रित (d) आदृत

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर 'अनाहत' शब्द का बिलोम 'आहत' शब्द उपयुक्त होगा, अतः पूर्ण वाक्य होगा - मैं अपने मित्र की बातों से जरा भी आहत नहीं हूँ।

**21. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।**
**राक्षस <u>वीभत्स</u> दिखता है।**

(a) आकर्षक (b) कायर
(c) घोर (d) आबाद

**SSC GD 22/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य के रेखांकित शब्द 'वीभत्स' का विलोम शब्द 'आकर्षक' है। जबकि 'कायर' का विलोम 'निडर' तथा 'आबाद' का विलोम शब्द 'बर्बाद' है।

**22. वह एक <u>उत्तम</u> व्यक्ति है।**
**उक्त वाक्य में रेखांकित पद 'उत्तम' का विलोम क्या है?**

(a) स्वतंत्र (b) शाश्वत
(c) कृतघ्न (d) अधम

**SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** 'वह एक <u>उत्तम</u> व्यक्ति है।' उक्त वाक्य में रेखांकित पद उत्तम का विलोम 'अधम' होगा।

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| स्वतंत्र | परतंत्र |
| शाश्वत | क्षणिक |
| कृतघ्न | कृतज्ञ |

**23. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से दिए गए वाक्य का रिक्त स्थान पूर्ण करें। पुरानी इमारत में भयानक <u>आग</u> लगी है, बुझाने के लिए................की आवश्यकता है।**

(a) रेत (b) पानी
(c) वायु (d) बारिश

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द 'आग' है जिसका विलोम (दिए गए विकल्पों में से) 'पानी' होगा। अतः पूर्ण वाक्य 'पुरानी इमारत में भयानक <u>आग</u> लगी है, बुझाने के लिए '<u>पानी</u>' की आवश्यकता है।

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| वायु | निर्वात |
| वर्षा | सूखा |

**24. जीवन में <u>उत्साह</u> बना रहना चाहिए।**
**उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।**

(a) वित्साह (b) निरुत्साह
(c) हतुत्साह (d) प्रत्साह

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य 'जीवन में उत्साह बना रहना चाहिए'। में रेखांकित शब्द 'उत्साह' का सही विलोम शब्द 'निरूत्साह' होगा।

**25. हमें <u>पाप</u> से बचना चाहिए।**
**उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।**

(a) दान (b) पुण्य
(c) अपाप (d) कुपाप

**SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'पाप' का सही विलोम शब्द 'पुण्य' होगा।

**26. 'अनुराग' का विलोम है-**

(a) विराग (b) सुहाग
(c) वियोग (d) विहंग

**SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a):**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अनुराग | - | विराग |
| वियोग | - | संयोग |

**27. 'संपन्न को सब सुख प्राप्त हो जाते हैं और ______ सदा तरसता ही रह जाता है।''**
**'संपन्न' के विलोम शब्द से उक्त पूर्ण करें।**
(a) वीर (b) अपंग
(c) विपन्न (d) शाही

**SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु 'संपन्न' शब्द का विलोम 'विपन्न' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- संपन्न को सब सुख प्राप्त हो जाते हैं' और विपन्न सदा ही तरसता रहता है।

**28. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**<u>सगुण</u> और ——— दोनों ही परमात्मा के स्वरूप हैं।**
(a) सांख्य (b) निर्गुण
(c) निर्मल (d) विपुल

**SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'सगुण' का विलोम 'निर्गुण' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- सगुण और '<u>निर्गुण</u>' दोनों ही परमात्मा के स्वरूप हैं।

**29. अपना गुस्सा .काबू में करो, शांत रहो।**
**निम्न में से किस विकल्प में उपरोक्त वाक्य में प्रयुक्त 'शांत' शब्द का विलोम नहीं दिया गया है?**
(a) उद्विग्न (b) स्थिर
(c) उत्तेजित (d) अशांत

**SSC GD 12/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य 'अपना गुस्सा काबू में करो, शांत रहो।' में प्रयुक्त 'शांत' शब्द का विलोम 'स्थिर' नहीं है जबकि उद्विग्न, उत्तेजित तथा अशांत इसके विलोम शब्द हैं।

**30. इस वाक्य के रिक्त पर रेखांकित शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द कौन-सा होगा?**
**भारत में कहीं अतिवृष्टि से बाढ़ आती है तो कहीं ______ से सूखा पड़ता है।**
(a) लघुवृष्टि (b) अनावृष्टि
(c) वृष्टि (d) सुवरिष्टि

**SSC GD 10/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर रेखांकित शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द 'अनावृष्टि होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- भारत में कहीं अतिवृष्टि से बाढ़ आती है तो कहीं <u>अनावृष्टि</u> से सूखा पड़ता है।

**31. निम्नलिखित विकल्पों में किस एक वाक्य में 'आरम्भ' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?**
(a) हर व्यक्ति का अंत सुनिश्चित है।
(b) समय की कद्र करना चाहिए।
(c) शिमला भारत में है।
(d) देश को श्रमजीवी लोगों की जरुरत है।

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** हर व्यक्ति का अंत सुनिश्चित है; इस वाक्य में 'आरम्भ' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है क्योंकि 'आरम्भ' का विलोम 'अन्त' होता है।

**32. मनुष्य को जीवों का <u>रक्षक</u> बनना चाहिए।**
**उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन कीजिए।**
(a) तक्षक (b) वधिक
(c) भक्षक (d) मारक

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** मनुष्य को जीवों का रक्षक बनना चाहिए; इस वाक्य में रेखांकित शब्द रक्षक का सही विलोम शब्द 'भक्षक' होगा।

**33. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**<u>दुराचार</u> से व्यक्ति का ______ नष्ट हो जाता है।**
(a) यश (b) विचार
(c) फल (d) सदाचार

**SSC GD 07/02/2023 (IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य 'दुराचार से व्यक्ति का______ नष्ट हो जाता है।' में रेखांकित शब्द 'दुराचार' का विलोम 'सदाचार' है। अतः रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'सदाचार' शब्द उपयुक्त होगा तथा पूर्ण वाक्य होगा – दुराचार से व्यक्ति का सदाचार नष्ट हो जाता है।

**34. 'आकर्षण' शब्द का विलोम क्या होगा?**
(a) विकर्षण (b) आकर्षित
(c) अनुपम (d) मनोहर

**SSC GD 06/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| कर्मण्य | - | अकर्मण्य |
| कृपण | - | दाता |
| कठोर | - | कोमल |
| आकर्षण | - | विकर्षण |

**35. 'कर्मण्य' शब्द का विलोम क्या होगा?**
(a) विकर्मण्य (b) सकर्मण्य
(c) अकर्मण्य (d) निकर्मण्य

**SSC GD 06/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**36. <u>उद्यम</u> से ही सफलता मिलती है।**
**उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
(a) निरुद्यम (b) उद्यमी
(c) नकारा (d) प्रयत्न

**SSC GD 01/02/2023 (II)**

**Ans. (a):** दिये गये वाक्य 'उद्यम से ही सफलता मिलती है।' में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द 'निरूद्यम' होता है।

**37. 'महिला जब भाषण दे रही थी, उसकी आवाज में एक आकर्षण था।' निम्न में से कौन सा इस वाक्य में प्रयुक्त 'आकर्षण' शब्द का विलोम नहीं है?**

(a) विकर्षण (b) अनाकर्षण
(c) विपकर्षण (d) अपकर्षण

**SSC GD 01/02/2023 (II)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य 'महिला जब भाषण दे रही थी, उसकी आवाज में एक आकर्षण था। ' में प्रयुक्त 'आकर्षण' शब्द के विलोम शब्द विकर्षण, अनाकर्षण तथा अपकर्षण हो सकते हैं जबकि 'विपकर्षण' इसका विलोम शब्द नहीं है।

**38. ''आकाश में तम का साम्राज्य था।''**
**उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तम' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?**

(a) आकश में प्रकाश का साम्राज्य था।
(b) आकाश में तिमिर का साम्राज्य था।
(c) आकाश में तारों का साम्राज्य था।
(d) आकाश में अंधकार का साम्राज्य था।

**SSC GD 16/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य में 'तम' (अंधेरा) के स्थान पर उसके विलोम शब्द 'प्रकाश' (उजाला) का प्रयोग हुआ है।
अतः विलोम शब्द के प्रयोग वाला वाक्य होगा- आकाश में प्रकाश का साम्राज्य था।

**39. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**
**..............बादल से वर्षा की सम्भावना कम ही होती है, स्याह बादल वर्षा के परिचायक हैं।**

(a) श्याम (b) अँधेरा
(c) काला (d) सफेद

**SSC GD 01/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** सफेद बादल से वर्षा की सम्भावना कम ही होती है, स्याह बादल वर्षा के परिचायक है। स्याह का विलोम सफेद, श्याम का श्वेत, अँधेरा का उजाला तथा काला का सफेद होता है।

**40. निम्न वाक्य के रिक्त स्थान पर रेखांकित शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द क्या होगा?**
**सक्रिय व्यक्ति जीवन में नाम कमाता है, लेकिन ________असफल हो जाता है।**

(a) जागरूक (b) निष्क्रिय
(c) कर्मठ (d) तंदरूस्त

**SSC GD 30/01/2023 (Shift-I)**

**Ans.** (b) :

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| सक्रिय | निष्क्रिय |
| जागरूक | बेखबर |
| कर्मठ | आलसी |
| तंदरूस्त | कमजोर |

**41. 'असफल' का विलोम शब्द क्या होगा?**

(a) सफल (b) विगत
(c) निष्फल (d) विफल

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** असफल' का विलोम शब्द 'सफल' होगा।
अन्य शब्द व उनके विलोम –

| | | |
|---|---|---|
| विगत | – | आगत |
| निष्फल | – | सफल |
| विफल | – | सफल |
| प्रसन्न | – | अप्रसन्न |
| सुख | – | दुःख |

**42. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम से दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**उसका रवैया ढुलमुल नहीं है, वह अपनी बात पर सदैव ______ रहता है।**

(a) अटल (b) अचल
(c) अवश (d) निश्चित

**SSC GD 13/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** उसका रवैय 'ढुलमुल' नहीं है, वह अपनी बात पर सदैव 'अटल' रहता है।
अतः रेखांकित शब्द 'ढुलमुल' का सही विलोम 'अटल' होगा।
अचल– चल
निश्चित– अनिश्चित

**43. प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती।**
**उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।**

(a) दीर्घ (b) परोक्ष
(c) समक्ष (d) ओक्षा

**SSC GD 13/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष | - | परोक्ष |
| दीर्घ | - | लघु |
| समक्ष | - | असमक्ष, असम्मुख |
| ओक्षा | - | गंभीर |

**44. 'आज हवा का वेग अत्यंत तीव्र है।'**
**उक्त वाक्य में प्रयुक्त -तीव्र' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?**

(a) आज हवा का वेग अत्यंत तेज है।
(b) आज हवा का वेग अत्यंत उग्र है।
(c) आज हवा का वेग अत्यंत मंद है।
(d) आज हवा का वेग अत्यंत प्रखर है।

**SSC GD 11/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** 'आज हवा का वेग अत्यंत मंद है।
'तीव्र' के स्थान पर 'मंद' उसके विलोम शब्द के रूप में प्रयोग किया जाएगा।

**45. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**अगर पूत <u>कपूत</u> हो तो माता-पिता का जीवन व्यर्थ हो जाता है और यदि _____ हो तो सार्थक।**
(a) उद्योग (b) दुपूत
(c) विज्ञ (d) सपूत

**SSC GD 13/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य 'अगर पूत <u>कपूत</u> हो तो माता-पिता का जीवन व्यर्थ हो जाता है और यदि ——— हो तो सार्थक' के रेखांकित शब्द 'कपूत' का उपयुक्त विलोम 'सपूत' रिक्त स्थान पर प्रयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** अगर पूत कपूत हो तो माता-पिता का जीवन व्यर्थ हो जाता है और यदि सपूत हो तो सार्थक।

**46. निम्न वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्द के विकल्पों में दिए गए सही विलोम शब्द से कीजिए।**
**समुद्र का विस्तार _____ है। ( ससीम )**
(a) सीमा (b) अवलंबित
(c) असीम (d) अवशेष

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्य 'समुद्र का विस्तार ——— है।' में रिक्त स्थान पर 'ससीम' का उपयुक्त विलोम 'असीम' प्रयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** समुद्र का विस्तार <u>असीम</u> है।

**47. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के उपयुक्त विलोम शब्द द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**कभी-कभी परिस्थितियाँ मनुष्य को <u>आस्तिक</u> से _______ बना देती है।**
(a) धार्मिक (b) तार्किक
(c) आत्यंतिक (d) नास्तिक

**SSC GD 07/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'आस्तिक' का उपयुक्त विलोम 'नास्तिक' होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** कभी-कभी परिस्थितियाँ मनुष्य को आस्तिक से <u>नास्तिक</u> बना देती हैं।

**48. 'सकाम' शब्द का सही विलोम शब्द क्या होगा?**
(a) निष्काम (b) कुकाम
(c) निर्काम (d) दुर्काम

**SSC GD 07/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये शब्द 'सकाम' का सही विलोम शब्द 'निष्काम' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**49. 'समुद्र की सीमा अनंत है।' वाक्य में प्रयुक्त अनंत शब्द का विलोम शब्द बताइए-**
(a) अंत (b) असीमित
(c) अंतहीन (d) अनंग

**SSC GD 10/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य 'समुद्र की सीमा अनंत है' में प्रयुक्त 'अनंत' शब्द का विलोम 'अंत' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**50. विलोम शब्दों का निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) अपना-पराया (b) आस्था-अनास्था
(c) आकाश-पाताल (d) अग्नि-आग

**SSC GD 13/01/2023 (Shift-III)**

**Ans.(d):** दिये गये विकल्पों में 'अग्नि-आग' विलोम शब्द-युग्म सुमेलित नहीं है। 'अग्नि' का विलोम 'जल' है। अन्य विलोम शब्द-युग्म सही सुमेलित है।

**51. ''बाजार में अधिक कोलाहल था।''**
**उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कोलाहल' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?**
(a) बाजार में अधिक शोर था।
(b) बाजार में अधिक हलचल थी।
(c) बाजार में अधिक शांति थी।
(d) बाजार में अधिक लोग थे।

**SSC GD 17/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कोलाहल' शब्द का उपयुक्त विलोम शांति होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** बाजार में अधिक <u>शांति</u> थी।

**52. प्रशंसनीय का विलोम होगा–**
(a) अभिनंदनीय (b) निंदनीय
(c) स्तुत्य (d) अनिंदनीय

**SSC GD 12/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans.(b):** दिये गये शब्द 'प्रशंसनीय' का विलोम 'निंदनीय या अप्रशंसनीय' होगा। अन्य विकल्प असंगत है।

**53. 'अविचल' का विलोम निम्न में से नहीं है-**
(a) जड़ (b) विचल
(c) डाँवाडोल (d) ढुलमुल

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिये गये शब्द 'अविचल' का विलोम 'जड़' नहीं है। जबकि विचल, डॉवाडोल तथा ढुलमुल अविचल के विलोम शब्द है।

**54. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में 'शाप' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?**
(a) हम आपसे बहुत दूर हैं।
(b) हम प्रसन्न हैं।
(c) हम दुःखी हैं।
(d) आपके आशीर्वाद से हम कुशल हैं।

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** आपके आशीर्वाद से हम कुशल हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'शाप' का विलोम 'आशीर्वाद' है।

**55. 'जड़' शब्द के विलोम से दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**हमें अपने ______ मन से ईश्वर को अनुभव करना चाहिए।**

(a) मधुर (b) निम्न
(c) मूल (d) चेतन

**SSC GD 01/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान पर 'जड़' शब्द का विलोम 'चेतन' प्रयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** हमें अपने चेतन मन से ईश्वर को अनुभव करना चाहिए।

**56. 'निरक्षर' शब्द का विलोम क्या होगा?**

(a) साक्षर (b) अनपढ़
(c) अपढ़ (d) महान

**SSC GD 11/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| निरक्षर | साक्षर |
| अनपढ़ | पढ़ा-लिखा |
| महान | क्षुद्र |

**57. 'भारत देश के रहने वाले बहुत सारे लोग गौतम बुद्ध के अनुयायी थे।' वाक्य में प्रयुक्त 'अनुयायी' का विलोम शब्द है।**

(a) विरोधी (b) पुजारी
(c) अनुगामी (d) प्रशंसक

**SSC GD 11/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'अनुयायी' शब्द का विलोम 'विरोधी' है। जबकि 'प्रशंसक' का विलोम 'निंदक' तथा 'अनुगामी' का विलोम' अग्रगामी/पुरोगामी' है।

**58. वीर और साहसी पुरुष साधारण नहीं होते, अपितु________प्रतिभा से युक्त होते हैं।**
**साधारण के विलोम शब्द से वाक्य पूर्ण करें।**

(a) सामान्य (b) कठोर
(c) विलक्षण (d) बड़ी

**Ans. (c) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान पर 'साधारण' का विलोम शब्द 'विलक्षण' प्रयुक्त होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा-** वीर और साहसी पुरुष साधारण नहीं होते, अपितु विलक्षण प्रतिभा से युक्त होते है।

**59. 'राधा जब घर पहुँची तो दिवस खत्म हो चला था। वाक्य में प्रयुक्त दिवस का विलोम शब्द नहीं है–**

(a) निशा (b) रजनी
(c) अवनि (d) रात्रि

**SSC GD 12/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'दिवस' शब्द का विलोम शब्द 'अवनि' नहीं है। 'अवनि' का विलोम 'अम्बर' होता है। जबकि निशा, रजनी तथा रात्रि 'दिवस' के विलोम शब्द हैं।

**60. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अग्रज' के सही विलोम शब्द का उपयोग हुआ है?**

(a) मोहन मेरा ही अनुज है।
(b) मोहन मेरा अपना अनुज्य है।
(c) मोहन मेरा अनुज है।
(d) मोहन मेरा अनूज है।

**SSC GD 13/01/2023 (Shift-III)**

**Ans.(c):** अग्रज' का विलोम 'अनुज' होता है। अतः मोहन मेरा अनुज है। वाक्य सही है।

**61. 'निर्जीव' का विलोम शब्द होगा-**

(a) सजीव (b) सहजीव
(c) अजीव (d) सगुण

**SSC GD 30/11/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** 'निर्जीव' का विलोम शब्द - 'सजीव' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न होगा -

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अजीब | - | अनोखा |
| सगुण | - | निर्गुण |

**62. 'श्रव्य' का विलोम शब्द होगा -**

(a) अदृश्य (b) कटु
(c) दृश्य (d) अलौकिक

**SSC GD 30/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** दिए गए शब्द - 'श्रव्य' का विलोम शब्द - 'दृश्य' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है -

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अदृश्य | - | दृश्य |
| कटु | - | मधुर |
| अलौकिक | - | लौकिक |

**63. बहुसंख्यक शब्द का सही विलोम बताइए-**

(a) अल्पसंख्यक (b) अल्पज्ञ
(c) असीम (d) अल्प

**SSC GD 30/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्द - 'बहुसंख्यक' का विलोम शब्द - 'अल्पसंख्यक' होगा शेष विकल्प के विलोम शब्द निम्न हैं -

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अल्पज्ञ | - | बहुज्ञ |
| असीम | - | सीमित |
| अल्प | - | अति |

**64. दिए गए शब्द का विलोम चुनें-**
**प्रचुर**

(a) प्रचलित (b) अप्रचारित
(c) अप्रचुर (d) प्रचारित

**SSC GD 30/11/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** दिए गए शब्द - 'प्रचुर' का विलोम शब्द - 'अप्रचुर' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है।

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| प्रचलित | - | अप्रचलित |
| प्रचारित | - | अप्रचारित |

65. **दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**प्रवेश**
(a) निकास (b) द्वार
(c) प्रवृत्ति (d) प्रवर
**SSC GD 30/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्द 'प्रवेश' का विलोम शब्द - 'निकास' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है।

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| प्रवृत्ति | - | निवृत्ति |
| प्रवर | - | अवर |

66. **दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**शोक**
(a) शोभित (b) अशोभित
(c) विषाद (d) हर्ष
**SSC GD 30/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्द - 'शोक' का विलोम - 'हर्ष' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है -

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| शोभित | - | अशोभित |
| विषाद | - | हर्ष |

67. **दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें -**
**संयमी**
(a) भ्रष्टाचारी (b) विकृत
(c) दुश्चरित्र (d) व्यभिचारी
**SSC GD 29/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| संयमी | - | आवेशी |
| भ्रष्टाचार | - | सदाचार |
| विकृत | - | अविकृत |
| दुश्चरित्र | - | सच्चरित्र |

68. **दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**लघु**
(a) महान (b) सौम्य
(c) दाता (d) गुरु
**SSC GD 29/11/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्द - 'लघु' का विलोम 'गुरु' होगा। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है -

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| महान | - | तुच्छ |
| सौम्य | - | उग्र |
| दाता | - | याचक, भिखारी, गृहीता। |

69. **'परुष' का विलोम शब्द होगा -**
(a) आकर्षक (b) कठोर
(c) कोमल (d) कर्कश
**SSC GD 29/11/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** दिए गए शब्द 'परुष' का विलोम शब्द - 'कोमल' होता है। शेष विकल्प के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है -

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| आकर्षक | - | अनाकर्षक |
| कठोर | - | कोमल |
| कर्कश | - | मधुर |

70. **विकल्पों में से कौन सा निम्न शब्द का विलोम नहीं है-**
**कल्पित**
(a) यथार्थ (b) अयथार्थ
(c) वास्तविक (d) अकल्पित
**SSC GD 29/11/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** दिए गए शब्द - 'कल्पित' का विलोम शब्द 'यथार्थ, वास्तविक तथा अकल्पित' होगा। अतः विकल्प (b) को छोड़कर शेष सभी कल्पित के विलोम होंगे।

71. **दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें।**
**कर्कश**
(a) कटु (b) मधुर
(c) मधुप (d) कड़वा
**SSC GD 29/11/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** 'कर्कश' का विलोम शब्द - 'मधुर' होगा। शेष विकल्प के शब्दो का विलोम शब्द निम्न है।

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| कटु | - | मधुर |
| कड़वा | - | मीठा, मधु |

72. **विलोम शब्दों के सही युग्म का चयन करें।**
(a) भय - डर (b) आदि - अंत
(c) न कहने योग्य - अकथ (d) शरीर - देह
**SSC GD 26/11/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्प में सही युग्म आदि-अंत है जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

73. **दिए गए शब्द का विलोम चुनें–**
**सौम्य**
(a) स्तुत्य (b) उग्र
(c) निंद्य (d) सेवित
**SSC GD 26/11/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** सौम्य का विलोम - उग्र।

74. **दिए गए शब्द का विलोम चुनें–**
**जाति**
(a) विजाति (b) बिरादरी
(c) बेजान (d) जाना - पहचाना
**SSC GD 26/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| जाति | विजाति |
| बेजान | जानदार |

**75. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**क्रोध**
(a) हिंसा (b) दया
(c) क्षमा (d) गुस्सा
**SSC GD 26/11/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| क्रोध | क्षमा |
| हिंसा | अहिंसा |
| दया | निर्दयता |
| गुस्सा | प्यार |

**76. दिए गए वाक्य का विलोम चुनें–**
**उष्ण**
(a) गर्म (b) शीतल
(c) शीतोष्ण (d) ग्रीष्म
**SSC GD 26/11/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| उष्ण | शीतल |
| गर्म | ठंडा |

**77. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**ग्राह्य**
(a) अग्राह्य (b) सुग्राह्य
(c) अपग्राह्य (d) विग्राह्य
**SSC GD 25/11/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्द का विलोम 'अग्राह्य' होगा।

**78. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**लिप्त**
(a) अलिप्त (b) विलिप्त
(c) निर्लिप्त (d) विलुप्त
**SSC GD 25/11/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** लिप्त का विलोम शब्द 'निर्लिप्त' होगा।

**79. दिए गए शब्द का विलोम शब्द चुनें।**
**कीर्ति**
(a) अपकीर्ति (b) कुकीर्ति
(c) सुकीर्ति (d) अकीर्ति
**SSC GD 25/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** कीर्ति का विलोम शब्द 'अपकीर्ति' होगा।

**80. दिए गए शब्द का विलोम चुनें–**
**गमन**
(a) आगमन (b) आना
(c) प्रस्थान (d) जाना
**SSC GD 25/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| गमन | आगमन |
| आना | जाना |
| क्रोध | क्षमा |
| अवर | प्रवर |

**81. दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें–**
**करूण**
(a) निष्ठुर (b) दयालु
(c) मधुर (d) नम्र
**SSC GD 25/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्द का विलोम- 'निष्ठुर' होगा।
शेष विकल्प का विलोम निम्न है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| करुण | निष्ठुर |
| मधुर | कर्कश |
| दयालु | क्रूर |
| नम्र | धृष्ट |

**82. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**आदर**
(a) सादर (b) निरादर
(c) अपमान (d) सम्मान
**SSC GD 24/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आदर | निरादर |
| अपमान | सम्मान |

**83. 'रिक्त' का विलोम शब्द होगा–**
(a) अपूर्ण (b) पूर्ण
(c) अधूरा (d) अतिरिक्त
**SSC GD 24/11/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** रिक्त का विलोम शब्द 'पूर्ण' होगा।

**84. 'संकीर्ण' का विलोम शब्द होगा–**
(a) उत्तीर्ण (b) प्रकीर्ण
(c) संकुचित (d) विस्तीर्ण
**SSC GD 24/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| संकीर्ण | विस्तीर्ण |
| उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| संकुचित | विस्तृत |

**85. 'कृतज्ञ' शब्द का विलोम शब्द कौन सा है?**
(a) विकृतज्ञ (b) अनकृतज्ञ
(c) अकृतज्ञ (d) अपकृतज्ञ
**SSC GD 23/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** दिए गए शब्द - 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द - 'अकृतज्ञ' होगा।

**86. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**परकीया**
(a) क्षत्रिय (b) लाघव
(c) दृश्य (d) स्वकीय
**SSC GD 23/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्द - 'परकीय' का विलोम शब्द - 'स्वकीय' होता है। शेष विकल्प के विलोम शब्द निम्न है -